खबर संक्षेप

कचरा जलाते समय अचानक फटी बैटरीः अधेड़ गंभीर रूप से घायल, सतना रेफर

मैहर। अमरपाटन क्षेत्र के ग्राम कंचनपुर में शुक्रवार सुबह कचरा जलाने के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। कचरे के बीच अचानक एक छोटी बैटरी जोरदार धमाके के साथ फट गई। इस विस्फोट की चपेट में आने से पास ही खड़े अधेड़ रामखेलावन गंभीर रूप से घायल हो गए। बैटरी का एक नुकीला टुकड़ा उनके पैर में जा घुसा,जिससे गहरा घाव हो गया और खून का रिसाव बंद नहीं हुआ। परिजन उन्हें तुरंत सिविल अस्पताल अमरपाटन ले गए,जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल सतना रेफर कर दिया गया। हालांकि,परिजन उन्हें अमरपाटन के ही एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे जहाँ उनका इलाज जारी है। फटी हुई बैटरी मोबाइल की थी या टॉर्च की,इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। इस घटना ने कचरे में इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं फेंकने के खतरों को उजागर कर दिया है।

चार साल में एक बिजली का खंभा नहीं लगाः मैहर नगर पालिका उपाध्यक्ष शीतल नितिन ताम्रकार का फूटा गुस्सा

मैहर। नगर पालिका परिषद की उपाध्यक्ष शीतल नितिन ताम्रकार ने पालिका के इंजीनियरों और कर्मचारियों की कार्यशैली पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि चार साल से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी शहर में एक नया बिजली का खंभा तक नहीं गड़ पाया है। करोड़ों की कायाकल्प सड़कों में भारी भ्रष्टाचार हुआ है,जो कुछ ही दिनों में उखड़ गईं। घंटाघर के सौंदर्यीकरण की फाइलें धूल फांक रही हैं और टेंडर होने के बावजूद काम शुरू नहीं हो रहा है। ताम्रकार ने कहा कि कटरा बाजार में बिजली के तारों के मकड़जाल से प्रतिमाओं का निकलना दूभर हो गया है,जिसे नवरात्रि से पहले ठीक करने का आश्वासन दिया गया था लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। उन्होंने दो टूक कहा कि अधिकारी-कर्मचारी तो चले जाएंगे,लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जनता को जवाब देना होगा।

एकेएस विश्वविद्यालय में विश्व खाद्य दिवस पर खाद्य सुरक्षा और कृषि नवाचार का संदेश



सतना। एकेएस विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ एग्रीकल्चर साइंस एंड टेक्नोलॉजी में 16अक्टूबर को विश्व खाद्य दिवस मनाया गया। कृषि अभियांत्रिकी एवं खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम की थीम 'आज नवाचार करें,कल को पोषित करें' रही। इसका उद्देश्य खाद्य सुरक्षा,पोषण और कृषि विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने लेख लेखन, डिजिटल पोस्टर निर्माण, चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कृषि उत्पादन तकनीक,खाद्य प्रसंस्करण, खाद्य संरक्षण, गुणवत्ता, पोषण, सटीक कृषि और कृषि मशीनीकरण से जुड़े विषयों पर जानकारी दी गई। शून्य भुखमरी के लक्ष्य पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर कुलपति प्रो.बी.ए.चोपड़े, कुलसचिव प्रो.आर.एस. त्रिपाठी, डीएसडब्ल्यू प्रो.महेंद्र कुमार तिवारी,अधिष्ठाता डॉ.अशोक कुमार भौमिक,विभागाध्यक्ष डॉ.राजेश कुमार मिश्र और समन्वयक डॉ.मनीष कुशवाहा का मार्गदर्शन रहा। विभाग के संकाय सदस्य और अधिकारी भी उपस्थित रहे।

मां शारदा धाम में सप्तमी पर उमड़े भक्तः सुबह साढ़े 8 बजे तक 39 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन



मैहर।

शारदीय नवरात्र के सातवें दिन मां शारदा देवी धाम में अपार जनसैलाब उमड़ पड़ा। माता के सप्तमी स्वरूप 'मां कालरात्रि' की विधि-विधान से आराधना की गई। प्रधान पुजारी पंडित पवन पांडेय (दाऊ सरकार) ने मां का भव्य श्रृंगार कर विशेष आरती संपन्न कराई। मंदिर कंट्रोल रूम के अनुसार, सुबह 8:30 बजे तक कुल 39,642 श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन कर लिए थे,जिनमें 37,722 भक्त पैदल सीढ़ी मार्ग से पहुंचे। मंदिर परिसर 'जय माता दी' के जयकारों से गूंजता रहा। सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वहीं दूसरी ओर,त्रिकूट पहाड़ी पर स्थित रोपवे टावर-3 के पास तेंदुआ देखे जाने का वीडियो वायरल होने से श्रद्धालुओं में हड़कंप मच गया है। वन विभाग ने एहतियात के तौर पर क्षेत्र में 20 ट्रैप कैमरे लगाकर वन्यजीव की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखनी शुरू कर दी है।

जगतदेव तालाब की धर्मशाला में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला बुजुर्ग का शव



सतना। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जगतदेव तालाब के पास स्थित एक धर्मशाला के अंदर एक बुजुर्ग का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया और तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दी गई।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी हेमंत शर्मा अपनी पुलिस टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई शुरू कर दी है और मृतक की पहचान तथा मौत के असली कारणों का पता लगाने में जुट गई है। शुरुआती तौर पर मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है,जिसके चलते पुलिस हर पहलू से मामले की गहनता से जांच कर रही है। फॉरेंसिक टीम को भी साक्ष्य जुटाने के लिए मौके पर बुलाया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

रावण दहन और पटाखा बाजार की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर और एसपी



सतना। आगामी त्योहारों के मद्देनजर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस और पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट भवन के पीछे,दक्षिणी मैदान धवारी और नारायण तालाब पहुंचकर रावण दहन स्थल तथा पटाखा बाजार की पूर्व तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था और नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इस उच्चस्तरीय निरीक्षण के दौरान महापौर योगेश ताम्रकार,नगर निगम आयुक्त डॉ. नागार्जुन बी.गौड़ा,अपर कलेक्टर विकास सिंह,उपायुक्त राजस्व अनुराग तिवारी,सिटी एसडीएम राहुल सिलाड़िया,ग्रामीण एसडीएम एल.आर.जांगड़े,सीएसपी मनीष त्रिपाठी,तहसीलदार सौरभ मिश्रा और टी आई सुदीप सोनी सहित कई प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने, फायर ब्रिगेड की तैनाती सुनिश्चित करने और भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष निर्देश दिए ताकि नागरिक सुरक्षित माहौल में उत्सव मना सकें।

जिला अस्पताल बना अपराधियों का अड्डाः खुलेआम घूम रहे गोली और बम कांड के आरोपी



सतना।

सरदार वल्लभभाई जिला अस्पताल परिसर इन दिनों गंभीर सुरक्षा व्यवस्था और लापरवाही को लेकर सुर्खियों में आ गया है। सूत्रों के अनुसार,जिला अस्पताल अपराधियों और असामाजिक तत्वों का सुरक्षित अड्डा बनता जा रहा है। गंभीर मामलों जैसे गोली कांड के आरोपी और बम कांड के आरोप में सजा काट चुके अपराधी इस समय अस्पताल परिसर में खुलेआम बेखौफ घूम रहे हैं,लेकिन अस्पताल चौकी में तैनात पुलिसकर्मियों को इसकी भनक तक नहीं है। अस्पताल के मुख्य गेट के पास ही ठेले और आशियाने बनाकर अवैध गतिविधियां संचालित हो रही हैं,जो इन बदमाशों को खुला संरक्षण दे रहे हैं। स्थानीय लोगों और सूत्रों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने इस पर सख्त कदम नहीं उठाए,तो किसी बड़ी आपराधिक घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। शहर में लगातार बढ़ रहे अपराधों में जल्द ही जिला अस्पताल का नाम भी जुड़ सकता है। नागरिकों ने जिला प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि अस्पताल परिसर और मुख्य गेट के आसपास अवैध रूप से लगे ठेलों को तुरंत हटाया जाए और चौकी की पुलिस सक्रियता बढ़ाकर इन अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करे।

पिकअप और ट्रक की भिड़ंत में दो ड्राइवरों की दर्दनाक मौत

मैहर।



राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर भेड़ा गांव के पास शनिवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में दो वाहन चालकों की मौत हो गई। पिकअप वाहन और सीमेंट पाइप से लदे भारी ट्रक के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई,जिससे दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में पिकअप चालक राज चौरसिया 22 वर्ष,निवासी देवधरा और ट्रक चालक जंग बहादुर लोधी 36 वर्ष,निवासी खोंदरा की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप चालक का शव केबिन में फंस गया, जिसे ग्रामीणों और पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। जवान बेटे की मौत की खबर मिलते ही पिकअप चालक के 55 वर्षीय पिता रामावतार चौरसिया सदमे से बेहोश हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।



मैहर एसपी ने पेश की मानवता की मिसाल, घायल भाई-बहन को पहुंचाया अस्पताल

मैहर।



सड़क हादसे के बाद घायल भाई-बहन के लिए मैहर पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह की तत्परता और संवेदनशीलता की हर तरफ सराहना हो रही है। बंशीपुर निवासी सौरभ पाल 16 वर्ष और उनकी बहन शिवानी पाल लगभग 18 वर्ष मोटरसाइकिल से मैहर आ रहे थे। इसी दौरान सामने से ट्रक आने के कारण उनकी मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई,जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए तत्काल दोनों घायलों को अपनी गाड़ी में बैठाया और मैहर के सिविल अस्पताल पहुंचाया। वर्तमान में अस्पताल में दोनों का उपचार जारी है। आमतौर पर पुलिस की छवि सख्त कानून-व्यवस्था बनाए रखने वाली मानी जाती है,लेकिन संकट के समय एसपी की इस मानवीय पहल ने आमजन के मन में पुलिस के प्रति विश्वास को और अधिक मजबूत किया है।

महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ समापन



सतना। महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला का समापन शुक्रवार,16 अक्टूबर को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा,अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि लखन लाल अग्रवाल,संजय अग्रवाल खिल्लू भैया,सीताराम अग्रवाल रामु भैया,मधु अग्रवाल डीपीएस डायरेक्टर जबलपुर ने की।अग्रवाल नवयुवक मंडल परिवार ने वरिष्ठ नागरिक जगदीश प्रसाद अग्रवाल,नंदकिशोर-रंजना अग्रवाल,सुरेशचंद्र-आशा अग्रवाल,सावित्री देवी स्व.दामोदर प्रसाद अग्रवाल का सम्मान किया गया। साथ ही मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साह वर्धन किया गया।जयंती के दौरान अग्रवाल नवयुवक मंडल, महिला मंडल,अग्रसेन क्लब द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए।

एसएमटीए स्कूल में गरबा रास महोत्सव की धूम, डांडिया की ताल पर झूमे विद्यार्थी और अभिभावक



सतना। मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन द्वारा परमार्थ के उद्देश्य से संचालित एस.एम.टी.ए. स्कूल में गरबा रास महोत्सव का भव्य एवं गरिमामय आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। भक्ति,भारतीय संस्कृति और परंपराओं से सजे इस उत्सव में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पारंपरिक परिधानों में सजे प्रतिभागियों की गरबा एवं डांडिया प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना दिया। महोत्सव का शुभारंभ विंध्य चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सतीश सुखेजा सहित महामंत्री मनोज कटारे,अभिषेक जैन, अमित अग्रवाल, संदीप चमड़िया एवं हिमांशु सिंह अरोरा की गरिमामयी उप स्थिति में दीप प्रज्वलन एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ। संस्था के अध्यक्ष मनोज शर्मा ने सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। गरबा रास महोत्सव के समापन समारोह में सतना के महापौर योगेश ताम्रकार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ विंध्य विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संजय तृथवानी, वरिष्ठ समाजसेवी मणिकांत माहेश्वरी, कैट के प्रदेश सचिव अशोक दौलतानी तथा कैट अध्यक्ष मनोहर वाधवानी सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति से आयोजन की गरिमा बढ़ाई। इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से सभी अतिथियों को माँ दुर्गा की छवि अंकित पवित्र अंगवस्त्र एवं दुपट्टा भेंट कर सम्मानित किया गया। महोत्सव का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं। पारंपरिक वेशभूषा, गरबा की थाप और डांडिया की लय पर थिरकते प्रतिभागियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। अभिभावकों की बड़ी संख्या में सहभागिता ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया। कार्यक्रम ने नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति,धार्मिक आस्था और पारंपरिक लोकनृत्यों से जोड़ने का सुंदर संदेश दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन नीलांबर झा ने किया। अंत में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती प्रियंका भगत ने उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों, आयोजकों एवं सहयोगियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांगः मैहर में कांग्रेस ने निकाली बाइक रैली, किया उग्र प्रदर्शन



मैहर। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैहर के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल बाइक रैली निकालकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। 'वोट चोर,गद्दी छोड़' और 'संविधान बचाओ' के नारों से मैहर शहर गूंज उठा। कटनी रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय से शुरू हुई यह रैली बाबा अलाउद्दीन खान चौराहा,किला चौक,घंटाघर सहित शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। रैली के अंत में स्टूडेंट चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन किया। कांग्रेस नेताओं ने मतदाता सूची की गड़बड़ियों पर गंभीर सवाल उठाए और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग की। इस विरोध प्रदर्शन में सनी घई,प्रभात द्विवेदी,महेंद्र त्रिपाठी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे। नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी आगे भी अपनी आवाज मुखर करती रहेगी।

खबर संक्षेप

शासकीय संस्कृत महाविद्यालय देवेंद्रनगर में 'सेवा संकल्प अभियान' का भव्य समापन, उत्कृष्ट छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित



देवेंद्रनगर। शासकीय संस्कृत महाविद्यालय देवेंद्रनगर में युवाओं में समाज सेवा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के विकास के उद्देश्य से चलाए गए 'सेवा संकल्प अभियान' का समापन समारोह एक गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीरज शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के युवाओं को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहकर समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। इस अवसर पर अभियान के नोडल अधिकारी श्री सुशील कुमार चौरसिया ने संपूर्ण अभियान की रूपरेखा और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विद्यार्थियों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और विभिन्न सामाजिक जागरूकता अभियानों में बढ़-चढ़कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। समारोह के मुख्य आकर्षण के रूप में अभियान के दौरान आयोजित विभिन्न रचनात्मक, शैक्षणिक और सामाजिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्राचार्य एवं प्राध्यापकों द्वारा प्रमाण-पत्र व पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बनता था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के श्री नरेंद्र पांडे, डॉ. रामनरेश द्विवेदी, डॉ शालिग्राम मिश्र, रुद्रेश बर्मन, राजा बाबू और सोनू सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, और अंत में आभार प्रदर्शन के साथ इस सफल एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का समापन किया गया।

मुनक्का के नशे में चूर युवक ने चाकू से ताबड़तोड़ किया हमला एक युवक की मौत



पन्ना। अजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत हनुमतपुर चौकी के ग्राम बनहरी खुर्द में 16 अक्टूबर की शाम करीब 7 बजे चाकूबाजी की सनसनीखेज घटना सामने आई। एक युवक द्वारा दो युवकों पर चाकू से हमला किए जाने से एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की नाजुक हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है जहां से मेडिकल कॉलेज रीवा भेज दिया गया है। पुलिस ने मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना में विपत सिंह ठाकुर, पिता संतोष सिंह ठाकुर, उम्र लगभग 22 वर्ष, निवासी बनहरी खुर्द की मौत हो गई। वहीं राघवेंद्र सिंह गौड़, उम्र लगभग 20 वर्ष, गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। घटना में आरोपी के रूप में जितेंद्र सिंह ठाकुर का नाम सामने आया है। जो नशे का आदी था तथा मुनक्का का सेवन करता था पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, तीनों युवक एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। हालांकि, चाकू से हमला करने के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। घटना के बाद पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भेज दिया है ओर पुलिस द्वारा हत्या एवं हत्या के प्रयास के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

झांकी के साथ अपने मन में भी झांकना, दुर्गा माना दुर्गुणों को दूर करने वाली: ब्रह्माकुमारी

अपने विकारों की बुराइयों की बलि चढ़ाये ब्रह्माकुमारी, असुरिया प्रवृत्तियों का संघार करें, ब्रह्माकुमारी





पन्ना

नवरात्रि के पावन पर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पन्ना की ओर से ककहरटी में चौतन्य देवियों की भव्य झांकी लगाई गई है इस अवसर पर बहन जी ने उपस्थित जन समूह को देवियों के आध्यात्मिक रहस्य से अवगत कराते हुए बताया कि मां दुर्गा का तात्पर्य दुर्गुणों को दूर करने वाली शक्ति से है,देवियों के व्रत के साथ-साथ हमें मन से दुर्गुणों को त्यागने का संकल्प लेना चाहिए मां लक्ष्मी वह है जिसमें महान लक्ष्य होते हैं इसलिए कहा जाता है नर ऐसी करनी करें जो नारायण बन जाए और नारी ऐसी करनी करें जो लक्ष्मी के समान पूजी जाए हमे अपने जीवन में यह लक्ष्य रखना चाहिए कि संसार रूपी कीचड़ में रहते हुए कमल की तरह बुराइयों और गलत संस्कारों से मुक्त रहें। मां सरस्वती को हंस पर विराजमान दिखते है जिसका आध्यात्मिक रहस्य की कलियुग के अंत में जो आत्मा सादगी और पवित्रता का धवल वस्त्र धारण करती हैं और जिसके मन एवं मुख से सदा ज्ञान रूपी वीणा झंकृत होती रहती है वही हंस के समान विवेक धारण कर दुर्गुणों से दूर रह पाती है। नवरात्रि का उद्देश्य अपने भीतर घर कर चुकी बुराइयों को नव संकल्पों के साथ दूर कर जीवन में दिव्यता और पवित्रता का आवाहन करना जागरण माना, अपनी शक्तियों का जागरण करना देवियों को आदिशक्ति और शिव शक्ति भी कहा जाता है जब संसार में अज्ञानता की रात्रि छा जाती है तब परमात्मा शिव आत्मा की शक्तियों को जागृत कर अंधकार को समाप्त कर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं वर्तमान समय में यही परिवर्तन का काल चल रहा है परमात्मा धरती पर आकर आत्माओं की शक्तियों को पुनः जागृत करने की शिक्षा दे रहे हैं। बहन जी ने आगे कहां की हमारे समाज में नारी को देवी का रूप माना जाता है लेकिन आज समाज एक और नवरात्रि के रूप में देवियों की पूजा करता है और दूसरी ओर देवियों के वास्तविक स्वरूप नारियों का अपमान करता है भारत की परंपराओं में नारी का स्थान सर्वोच्च है,नवरात्रि का वास्तविक अर्थ केवल 9 दिनों तक नहीं बल्कि सदा नारी शक्ति का सम्मान करें यही व्रत लेना चाहिए तभी कहेंगे सच्ची-सच्ची नवरात्रि मनाना। सभी ने चैतन्य देवियों के दर्शन के साथ-साथ आध्यात्मिक प्रवचनों का भी लाभ लिया एवं कार्यक्रम के सराहना की।

अमानगंज थाना क्षेत्र में बाइक और ट्रक की भीषण टक्कर, दो लोग गंभीर रूप से घायल, एक की हालत नाजुक





अमानगंज। थाना अंतर्गत आज शाम करीब 6:45 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया, जहां तेज रफ्तार ट्रक और बाइक के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन और आपातकालीन सेवा तुरंत हरकत में आई। 112 के पायलट हरि लाल पटेल, प्रधान आरक्षक शिवम शर्मा और आरक्षक मेहरबान सिंह ने तत्परता और मानवता का परिचय देते हुए बिना समय गंवाए मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। इस भीषण सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों की पहचान संजू दुबे (पिता प्रकाश दुबे, उम्र 40 वर्ष, निवासी बिल्हा) एवं विनोद दुबे (पिता रामचरण दुबे, निवासी मडिया कला) के रूप में हुई है। फिलहाल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की देखरेख में दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार युद्धस्तर पर जारी है। हालांकि, डॉक्टरों के अनुसार घायलों में से एक की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है, जिसके चलते उन्हें निरंतर निगरानी में रखा गया है। वहीं, अमानगंज थाना पुलिस ने इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

सनातन हिंदू रथ यात्रा में चैन स्नैचिंग करने वाले अंतर्राज्यीय बावरिया गैंग के 10 आरोपी गिरफ्तार, 42 लाख का मशरूका जब्त

पन्ना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 5 महिलाएं और 5 पुरुष गिरफ्तार, सोने-चांदी के आभूषण, नकदी और वारदात में इस्तेमाल तीन लग्जरी कारें जब्त

अमानगंज थाना क्षेत्र में बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की हिन्दू सनातन रथ यात्रा के दौरान चोरी/चैन स्नैचिंग की घटना करने वाले अंतर्राज्यीय बाबरिया गैंग के 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल। आरोपियों के कब्जे से सोने चांदी के आभूषण (सोने की चैन, मंगलसूत्र, लॉकेट, चांदी की चूड़ी, कड़ा आदि) कीमती करीब 11 लाख रुपये, 29780/- नगदी, 04 मोबाइल फोन, घटना मे प्रयुक्त 03 लक्जरी कार कीमती करीब 30 लाख रुपये सहित कुल करीबन 42 लाख रुपये का मशरूका किया गया जप्त।'





अमानगंज।

पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में अमानगंज पुलिस द्वारा बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की हिन्दू सनातन रथ यात्रा में चोरी/चैन स्नैचिंग करने बाले 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया मशरूका बरामद किया गया है। दिनांक 12.10.26 को थाना अमानगंज मे फरियादी द्वारा रिपोर्ट की गई की बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की हिन्दू सनातन रथ यात्रा पन्ना से रवाना होकर अमानगंज आ रही थी जिसमें शामिल होने अमानगंज एवं आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालु दर्शन करने आये थे जो रथ यात्रा दोपहर 3.15 बजे अमानगंज पहुंची थी जो अमानगंज स्टेडियम ग्राउण्ड में कार्यक्रम होने के बाद 3.30 बजे रथ यात्रा स्टेडियम से रवाना होकर पवई तरफ को जाने लगी रथ यात्रा में हजारो की संख्या में श्रद्धालुगण थे जैसे ही रथ यात्रा आगे बढकर विधायक बंगले से होते हुए मेरे ढावा के सामने पहुंची तो मैं भी अपने ढावा के सामने आकर खडा हो गया था उसी दौरान एक अज्ञात आदमी ने अचानक व शीघ्रता से झपट्टा मारकर भीड का फायदा उठाकर मेरे जेब मे रखे पैसे लेकर भागा जिसे मैने देख लिया था जो भीड का फायदा उठाकर भाग गया था फिर मुझे जानकारी लगी थी कि अमित सोनी व जयप्रकाश चतुर्वेदी एव संतोष सोनी की सोने की चौन व एक अन्य महिला का मंगलसूत्र भीड में शामिल किसी अज्ञात महिला या पुरूष के द्वारा इसी प्रकार अचानक/शीघ्रता से झपट्टा मारकर चोरी कर ली थी मुझे और भी इसी प्रकार की घटनाये होने की जानकारी लगी थी कि लोगो के जेबो मे रखे रुपये भी इसी प्रकार झपट्टा मारकर चोरी हुये है। फरियादी कि रिपोर्ट पर थाना अमानगंज में अपराध धारा 304(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। थाना प्रभारी अमानगंज निरीक्षक हेमंत नायक द्वारा घटना की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व अनु. अधि. पुलिस गुनौर श्री नवीद दुबे के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी अमानगंज के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित की गई । उक्त पुलिस टीम की सहातार्थ पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना को टीम में शामिल किया गया । पुलिस टीम द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के उचित दिशा निर्देशन में अज्ञात आरोपीगणों की तलाश पतारसी हेतु त्वरित कार्यवाही करते हुये घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्र में लगे ब्ब्ज्ट कैमरों के फुटेज खंगाले गए । ब्ब्ज्ट फुटेज एवं सायबल सेल से प्राप्त तकनीकि सहायता के आधार पर आरोपियों की रूट मैपिंग तैयार की गई । पुलिस द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया एवं तकनीकी जानकारी एकत्रित की गई । मुखबिर सूचना के आधार पर गठित पुलिस टीम को राज्य एवं राज्य के बाहर तरफ रवाना किया गया । जिसके परिणामस्वरूप प्रकरण में संलिप्त 10 चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस टीम द्वारा आरोपीगणों के कब्जे से चोरी की गई सोने चांदी के आभूषण कीमत करीबन 11 लाख रुपये, नगदी, 04 मोबाईल कीमत करीबन 50000 रुपये,घटना में उपयोग सफेद रंग की ब्रेजा गाडी क्रमांक त्श्र ब्ट 2872 कीमत करीब 10 लाख, स्विफ्ट कार क्स् 12 ब्भ् 2120 कीमत करीबन 06 लाख,बिना नंबर की विक्टोरियस कार कीमत करीबन 14 लाख रुपये कुल मशरुका 3350000 रुपये।

गिरफ्तार आरोपी-

पुलिस टीम द्वारा मामले में 05 महिलायें एवं 05 पुरुष को गिरफ्तार किया है- 1. सुनीता बावरिया पति महेश बावरिया उम्र-30 साल निवासी खिवाला पोस्ट-कठपुतली थाना पाटन जिला-सीकर राजस्थान 2. पुष्पा तोमर पति मोनू बरगी उम्र-34 साल निवासी गोबिन्दगढ थाना गोबिन्दगढ़ जिला अलवर राजस्थान 3. सुनील बबली पिता भोला बबली उम्र-25 साल निवासी कच्ची बस्ती गोकुलनगर कोतवाली भरतपुर जिला भरतपुर राजस्थान 4. नीरज श्रीवास्तव पिता सुमन कुमार श्रीवास्तव उम्र-42 साल निवासी ग्राम-आशावाद थाना रसूलपुर जिला फिरोजाबाद उ0प्र0 5. आरती खटीक पति हरिराम खटीक उम्र-30 साल निवासी हरसोरा थाना हरसोरा जिला बहरोड कोटपुतली राजस्थान 6. जोनी बावरिया पिता ताराचंद्र बावरिया उम्र-35 साल निवासी झाझरो टोडा थाना लुहारू जिला भिवानी हरियाणा 7. पपीता बाई राजपूत पिता छाजूराम राजपूत उम्र-23 साल निवासी ग्राम-गुन्ता थाना वान्सुर जिला कोटपुतली राजस्थान 8. मोनू सिंह पिता महेन्दर सिंह उम्र-27 साल निवासी ग्राम-जीवननगर पार्ड-2 थाना मुनेसर जिला फरीदाबाद हरियाणा 9. लीला राम यादव पिता स्व. रामजी लाल यादव उम्र-40 साल निवासी यादव कॉलोनी वार्ड नं. 05 कोटपुतली राजस्थान 10. उर्मिला बावरिया पति कृपाल बावरिया उम्र-45 साल निवासी संजय कॉलोनी वार्ड क्र. 03 सेक्टर 23 थाना मुनेसर जिला फरीदाबाद हरियाणा।

जप्त मशरूका-

आरोपियो के कब्जे सोने के आभूषण- चौन 07 नग,पांचाल 01 नग, मंगलसूत्र 01 नग,धप्पा लॉकेट 02 नग, चांदी के आभूषण- चूडी 05 नग, कड़ा 01 नग, नगदी- 29780 रुपये, मोबाईल- 04 नग कीमत करीबन 50000 रुपये , घटना में उपयोग सफेद रंग की ब्रेजा गाडी क्रमांक त्श्र ब्ट 2872 कीमत करीब 10 लाख, स्विफ्ट कार क्स् 12 ब्भ् 2120 कीमत करीबन 06 लाख, बिना नंबर की विक्टोरियस कार कीमत करीबन 14 लाख रुपये कुल मशरुका कीमती करीब 42 लाख रुपये का जप्त किया गया है।

तरीका-ए-वारदात-

गिरफ्तार महिला एवं पुरुष आरोपियों द्वारा सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से आगामी भीड़भाड़ वाले आयोजनों, धार्मिक यात्राओं, धार्मिक कार्यक्रमों, मेलों, बाजारों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों की जानकारी प्राप्त की जाती है। इसके बाद आरोपी गिरोह के रूप में ऐसे स्थानों पर पहुंचकर भीड़ में घुल-मिल जाते हैं तथा आपस में समूह बनाकर योजनाबद्ध तरीके से चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं।

सराहनीय योगदान-

उक्त संपूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी अमानगंज निरीक्षक हेमन्त नायक, उप निरी. रजनी समाधिया,.ईश्वर सिंह, सउनि राघवेन्द्र प्रधान, प्रीतम सिंह, नाज बेगम पु.लाइन पन्ना, प्र. आर. अनिल गर्ग, शिवम शर्मा, बालमुकुन्द पटेल,रामलखन सिंह राजपूत,देवनारायण शुक्ला,राजीव वेडिया,गजेन्द्र उर्मलिया,लक्ष्मण यादव थाना अमानगंज म.प्र.आर. गीता अहिरवार पु.ला. पन्ना,तेजबती बुन्देला थाना सलेहा, आरक्षक मेहरबान सिंह, अखिलेश पाल,भूपेन्द्र चौरसिया,अंगराज पटेल,अरुन तिवारी,अजय दीक्षित,गोलू वास्केल, म.आर.गीता पटेल,स्वेता धुर्वे,रामप्यारी अहिरवार थाना अमानगंज,अनुराधा सेन थाना गुनौर एवं पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

हार्वेस्टर और कार के बीच भयंकर टक्कर एक महिला और तीन पुरुष गंभीर रूप से हुए घायल

अमानगंज सिमरिया बाईपास पर घटी घटना



अमानगंज। पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र सिमरिया सड़क मार्ग पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं से अब आम आदमी निकलने और चलने में भी डरता है यहां वाहन चालकों को खासकर बाइक चालकों को इस बात का भय होता है कि कोई खतरनाक वाहन चालक लापरवाही से वाहन चलाकर उसे कहीं आगे या पीछे से ना टक्कर मार दे इस सड़क मार्ग पर लगातार सड़क दुर्घटनाओं के मामले निरंतर प्रकाश में आते हैं बीती शाम एक तेज रफ्तार हार्वेस्टर के वाहन चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए एक कार को टक्कर मार दी इस घटना में एक महिला और तीन पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें 112 पुलिस बैंन की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज प्राथमिक उपचार के लिए लाया गया जिसमें एक युवक की हालत गंभीर भी बताई गई घायल हुए व्यक्तियों में महिला के रूप में श्रीमती चंदा यादव निवासी पुरैना, दूसरे घायल का नाम शिव नारायण यादव अश्विनी यादव और वेदनारायण यादव सभी निवासी पुरैना अपने घर गांव की ओर जा रहे थे और सामने से आ रहे तेज रफ्तार हार्वेस्टर ने उन्हें टक्कर मारी जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई।

मां की भक्ति में सराबोर पवई, दुल्हन-सी सजीं गलियां; पंडालों में उमड़ रहे श्रद्धालु

रंग-बिरंगी रोशनी, आकर्षक सजावट और मां दुर्गा की मनमोहक प्रतिमाएं बनीं आकर्षण का केंद्र, शाम की आरती में गूंज रहे जयकारे

पवई।

शारदीय नवरात्र में पवई नगर मां जगत जननी की भक्ति में सराबोर है। नगर के वार्डों से लेकर गली-मोहल्लों तक सजे दुर्गा पंडाल और रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाती सड़कें नवरात्र की रौनक बढ़ा रही हैं। कहीं आकर्षक विद्युत सज्जा तो कहीं भव्य पंडालों में विराजमान मां दुर्गा की मनमोहक प्रतिमाएं श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। भक्ति और उल्लास के इस माहौल में पूरा नगर दुल्हन की तरह सजा नजर आ रहा है। सुबह से देर रात तक माता रानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है।

शाम होते ही जगमगा उठते हैं दुर्गा पंडाल

नगर में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं के दर्शन के लिए श्रद्धालु परिवार सहित पहुंच रहे हैं। दुर्गा उत्सव समितियों ने अपने-अपने पंडालों को आकर्षक रूप



देने के लिए विशेष सजावट की है। शाम ढलते ही रंगीन विद्युत रोशनी से जगमगाते पंडालों की छटा देखते ही बनती है। सजीव झांकियां, कलात्मक सजावट और मां दुर्गा के विविध स्वरूपों के दर्शन लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। नवरात्र के चलते नगर के बाजारों और प्रमुख मार्गों पर भी उत्सवी माहौल नजर आ रहा है।

आरती में उमड़ती भीड़, जयकारों से गूंजता वातावरण

नवरात्र के दौरान विभिन्न दुर्गा पंडालों में प्रतिदिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना और आरती की जा रही है। विशेषकर शाम की आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर मां जगत जननी की आराधना कर रहे हैं। घंटियों की गूंज, भक्ति गीतों और 'जय माता दी' के जयकारों से पंडाल गूंज उठते हैं। आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाता है। भक्त मां के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगलमय जीवन की कामना कर रहे हैं।

आस्था के साथ उत्सव का उल्लास

शारदीय नवरात्र ने पवई में धार्मिक आस्था के साथ उत्सव का रंग भी भर दिया है। बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग बड़ी संख्या में दुर्गा पंडालों में पहुंचकर मां के दर्शन कर रहे हैं। आकर्षक सजावट, भव्य प्रतिमाओं और धार्मिक आयोजनों से नगर का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। मां दुर्गा की आराधना और जयकारों के बीच पवई में नवरात्र का उल्लास देखते ही बन रहा है।

पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा पन्ना पहुंचे, अनशन कर रहे आदिवासियों को दिया आश्वासन तत्काल आपकी मांगों का होगा निराकरण, दंगल में भी हुए शामिल



पन्ना। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा एक दिवसीय प्रवास पर पन्ना पहुंचे इस दौरान उन्होंने अजयगढ़ पहुंचकर मजगांव बांध में विस्थापन को लेकर विगत एक महीना से आंदोलन कर रहे गरीब आदिवासियों के बीच पहुंचकर उन्होंने कहा कि आपकी मांगे जायज है मैं मुख्यमंत्री मोहन यादव से भोपाल पहुंचकर व्यक्तिगत चर्चा करूंगा तथा उनसे कहूंगा कि दलगत राजनीति से उठकर विस्थापित परिवारों की मदद करो उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी की भी सरकार रही है भाजपा के विधायकों नेताओं के द्वारा जनहित के मुद्दों को लाया जाता था तो हम लोग तत्काल काम करते थे। तत्पश्चात उन्होंने कांग्रेस नेता पूर्व विधानसभा प्रत्याशी भारत में पांडे द्वारा आयोजित महा दंगल कुश्ती कार्यक्रम में भाग लिया तथा पहलवानों का उत्साह वर्धन किया इस दौरान भारी संख्या में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

सूर्पणखा प्रसंग के दौरान फिल्मी गानों को लेकर हुआ विवाद, मंच पर चढ़ कर गाली-गलौज करने का आरोप; समिति ने थाने पहुंचकर सौंपा आवेदन

बुंदेलखंड की ऐतिहासिक 122वीं रामलीला में अभद्रता और तोड़फोड़ का आरोप

नौगांव। बुंदेलखंड क्षेत्र की ऐतिहासिक एवं प्राचीन 122वीं श्रीरामलीला महोत्सव के दौरान शुक्रियर की रात मंचन में व्यवधान और तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। रामलीला मंच पर सूर्पणखा प्रसंग के दौरान फिल्मी गाने गाए और बजाए जाने को लेकर विवाद होने की बात सामने आई है। श्रीरामलीला मंडल नौगांव ने धर्मेंद्र सिंह परिहार, रौनक द्विवेदी और प्रदीप यादव सहित उनके साथ आए पांच छह अन्य लोगों पर अभद्रता करने और रामलीला की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है।घटना के बाद शनिवार की दोपहर समिति के पदाधिकारी पुलिस थाने पहुंचे और थाना प्रभारी संजय राय को लिखित आवेदन सौंपकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। शिकायत की प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक छतरपुर और एसडीओपी नौगांव को भी भेजी गई है।



सूर्पणखा प्रसंग के दौरान फिल्मी गानों को लेकर विवाद -

रामलीला मंडल की ओर से दिए गए आवेदन के अनुसार, शुक्रवार 16 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे रामलीला मंच पर सूर्पणखा प्रसंग का मंचन चल रहा था। दृश्य में सूर्पणखा भगवान श्रीराम और इसके बाद लक्ष्मण को रिझाने के संवाद कर रही थी। इसी दौरान मंच पर फिल्मी गाने गाए और बजाए गए। बताया गया है कि इसी बात को लेकर धर्मेंद्र सिंह परिहार, रौनक द्विवेदी और प्रदीप यादव सहित उनके साथ आए पांच छह अन्य लोगों ने आपत्ति जताई, जिसके बाद विवाद शुरू हो गया। समिति की शिकायत के मुताबिक, विवाद बढ़ने पर यह लोग मंच पर चढ़ गए और वहां मौजूद पात्रों एवं कार्यकर्ताओं के साथ गाली-गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार किया। समिति का आरोप है कि इस घटनाक्रम से रामलीला के मंचन में व्यवधान उत्पन्न हुआ और आयोजन की व्यवस्था प्रभावित हुई। जिसके बाद कुछ देर के लिए माहौल गड़बड़ हो गया और दर्शक भी घबरा गए। मंडल ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि विवाद के दौरान रामलीला देखने के लिए लगाई गई कुर्सियों को नुकसान पहुंचाया गया। शिकायत के अनुसार, करीब 15 कुर्सियां टूट गईं, जिससे आयोजन समिति को आर्थिक नुकसान हुआ। समिति ने मामले की जांच कर संबंधित लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

नौगांव की श्रीरामलीला बुंदेलखंड क्षेत्र की ऐतिहासिक एवं प्राचीन धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं में शामिल है। 122वें वर्ष में आयोजित इस महोत्सव में रामायण के विभिन्न प्रसंगों का मंचन देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे आयोजन के दौरान विवाद और तोड़फोड़ की शिकायत सामने आने से मंचन की व्यवस्था और दर्शकों की सुरक्षा का सवाल भी उठता है। रामलीला मंडल का कहना है कि समिति के सदस्य और कार्यकर्ता आयोजन को व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रयासरत रहते हैं। समिति ने पुलिस प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए घटना की जांच करने और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है। श्रीरामलीला मंडल के पदाधिकारी शनिवार दोपहर को पुलिस थाना पहुंचे और थाना प्रभारी संजय राय को लिखित आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। आवेदन की प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक छतरपुर और एसडीओपी नौगांव को भी भेजी गई है।

खबर संक्षेप



मोहल्लेवासियों ने चंदा जुटाकर कराया निर्माण कार्य

छतरपुर। नगर पालिका द्वारा शहर में विकास कार्यों को लेकर भले ही बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हों, लेकिन शहर के बीचोंबीच बुनियादी सुविधाओं के अभाव की तस्वीर कुछ और ही बयां कर रही है। वार्ड क्रमांक 24 में महाराजा कॉलेज के सामने डॉक्टर बाजपेयी के आगे स्थित गली में नाले पर रैंप का निर्माण नहीं होने से परेशान मोहल्लेवासियों ने आखिरकार खुद ही चंदा एकत्रित कर निर्माण कार्य शुरू करा दिया। जानकारी के अनुसार, उक्त गली में करीब 50 परिवार निवास करते हैं। मुख्य मार्ग से गली में प्रवेश करने वाला रास्ता काफी ढलानदार है और वहां गड्ढे भी हैं। इसके चलते आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, कई बार स्कूली बच्चों से भरे ऑटो पलट चुके हैं, तो कई बार बाइक सवार भी गिरकर घायल हुए हैं। इन घटनाओं के कारण मोहल्लेवासियों को हमेशा हादसे का डर बना रहता है।मोहल्लेवासियों ने बताया कि नाले पर रैंप का निर्माण कराने के लिए कई बार पार्षद पल्ली रैकवार, इंजीनियर और नगर पालिका के सीएमओ से मांग की गई। इसके बावजूद उन्हें केवल आश्वासन ही मिले। समस्या का समाधान नहीं होने से लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती गई। आखिरकार शनिवार को नगर पालिका की कार्यप्रणाली से परेशान होकर मोहल्लेवासियों ने आपस में चंदा एकत्रित किया और स्वयं ही निर्माण कार्य करा दिया।

खेत पत्नी को लगा करंट, बचाने पहुंचे पति की भी मौत



छतरपुर। मातगुवां थाना क्षेत्र के ग्राम जैतुपुरा में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां खेत में गिरे बिजली के हाईटेंशन तार की चपेट में आने से पति-पत्नी की मौके पर ही अकाल मृत्यु हो गई। हादसे के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जैतुपुरा निवासी 24 वर्षीया रुकमन प्रजापति पति चंद्रभान प्रजापति खेत से मवेशियों के लिए चारा लेकर घर लौट रही थी। उसी दौरान खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली की तार टूटकर अचानक महिला पर गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से करंट की चपेट में आ गई। पास ही मौजूद एक बुजुर्ग महिला ने जब यह नजारा देखा तो उसने जोर-जोर से आवाज लगाई। आवाज सुनकर महिला का 28 वर्षीय पति चंद्रभान प्रजापति तुरंत अपनी पत्नी को बचाने के लिए मौके पर दौड़ा।पत्नी को बचाने के प्रयास में चंद्रभान भी बिजली के हाईटेंशन तार के संपर्क में आ गया और करंट की तीव्र चपेट में आ गया। इसके बाद पास मौजूद बुजुर्ग महिला भागकर गांव पहुंची और ग्रामीणों व परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन और ग्रामीण आनन-फानन में घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों को जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पहुंचते ही परिजनों के बीच चीख-पुकार मच गई। मातगुवां थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बच्ची से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को 5 वर्ष का सश्रम कारावास

छतरपुर/नौगांव। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट उपेंद्र देशवाल की अदालत ने नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में फैसला सुनाया है। कोर्ट ने आरोपी विनोद कुमार अहिरवार को दोषी ठहराते हुए 5 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया है। एड.राहुल रैकवार ने बताया कि 7 फरवरी 2025 दोपहर 2:30 बजे बच्ची मोहल्ले में बच्चों के साथ घर के बाहर खेल रही थी, उसकी मां घर पर थी कुछ देर बाद वह अपनी बच्ची पीड़िता को देखने घर के बाहर गई तो देखा कि पीडिता घर के बाहर नहीं है तब उसने आस-पास पूछताछ की तो मोहल्ले के लडके ने बताया कि उसकी बच्ची को आरोपी विनोद ले गया। पीडिता की मां ने आरोपी के कमरे में जाकर देखा तो आरोपी वहीं पर था। कमरे में अंधेरा था तो उसकी मां ने ढूंढ कर देखा तो उसकी बच्ची आरोपी के कमरे में घबराई हुई मिली। उसने अपनी बच्ची से पूछा कि बेटा क्या हुआ है तो उसने बताया कि आरोपी जबरदस्ती गलत काम करने का प्रयास कर रहा था और किसी को कुछ नहीं बताना ऐसा कह रहा था। जिसके बाद पीड़िता की मां के द्वारा थाना हरपालपुर में आरोपी के विरुद्ध अपराध मामला पंजीबद्ध कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में अभियोग पत्र-प्रस्तुत किया।

गलत टैबलेट खाने से छात्रा की मौत, परिजनों ने सड़क पर शव रखकर किया चक्काजाम

डॉक्टर पर लगा गलत दवा देने का आरोप, इन्फेक्शन से झांसी-ग्वालियर ले जाते समय तोड़ा दम



छतरपुर। शहर के मुख्य मार्ग पर उस समय हड़कंप मच गया जब एक छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद उग्र परिजनों ने जिला अस्पताल के सामने सड़क पर जाम लगा दिया। परिजनों का आरोप है कि निजी डॉक्टर की गलत दवा के कारण युवती के शरीर में तेजी से इन्फेक्शन फैला, जिससे उसकी जान चली गई। चक्काजाम की वजह से सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं और काफी देर तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा।

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर संभाला मोर्चा

घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक और पुलिस अमला हरकत में आया। मौके पर सीएसपी सहित सिविल लाइन और कोतवाली थाने के टीआई भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे। आक्रोशित परिजनों को समझा-बुझाकर और मामले की निष्पक्ष जांच के साथ दोषी पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया गया। पुलिस ने शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की पहचान बड़ामलहरा क्षेत्र के ग्राम रजपुरा निवासी शिवानी यादव के रूप में हुई है। शिवानी छतरपुर की शांति नगर कॉलोनी में किराए के मकान में रहकर बीएससी की पढ़ाई कर रही थी। तबीयत खराब होने पर उसने अपने पिता को फोन करके बुलाया था। पिता वीरेंद्र यादव बेटी को लेकर डॉ. आभा खरे के पास गए थे, जहां अल्ट्रासाउंड कराने के बाद डॉक्टर ने एक टैबलेट दी थी।पिता वीरेन्द्र यादव का आरोप है कि रात में डॉ. आभा खरे द्वारा दी गई टैबलेट खाते ही शिवानी की हालत अचानक बिगडऩे लगी। परिजनों ने डॉक्टर से संपर्क करने की कोशिश की लेकिन फोन नहीं उठा। इसके बाद शिवानी को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे झांसी रिफर कर दिया। झांसी में डॉक्टरों ने बताया कि दवा के रिएक्शन या असर से पूरे शरीर में इन्फेक्शन फैल गया है। ग्वालियर ले जाते समय सुबह करीब 9 बजे रास्ते में ही शिवानी की मौत हो गई। परिजनों का दावा है कि डॉक्टर की लापरवाही और गलत दवा ही इस मौत की मुख्य वजह है।

कुड़ी धाम में विशाल कन्या भोज के साथ भंडारा, सवा लाख आहुतियों से गूंजा सिद्ध क्षेत्र

चौसठ खप्परों में बोए गए जवारे बने श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र, प्रतिदिन हो रहा दुर्गा सप्तशती का पाठ



बड़ामलहरा। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सेधपा में श्यामरी नदी के तट पर स्थित सिद्ध क्षेत्र कुड़ी धाम में नवरात्रि पर्व के अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। यहां सवा लाख आहुतियों के लक्ष्य के साथ यज्ञ किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रतिदिन दुर्गा सप्तशती का पाठ और चौसठ खप्परों में जवारे बोए गए हैं, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण और आस्था का केंद्र बने हुए हैं। नवरात्रि के अवसर पर विशाल कन्या भोज के साथ भंडारे का आयोजन भी किया गया। धार्मिक अनुष्ठान के लिए बाहर से आए विद्वान पंडित रामस्वरूप अग्निहोत्री मुख्य यज्ञाचार्य के रूप में यज्ञ संपन्न करा रहे हैं। उनके साथ आचार्य योगेश पाठक, निशांत मिश्रा और अनिल दुबे भी धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल हैं। यज्ञ में प्रतिदिन 21 हजार आहुतियां दी जा रही हैं। रविवार को अष्टमी के अवसर पर पूर्णाहुति का कार्यक्रम निर्धारित है। कुड़ी धाम में नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जा रहा है। चौसठ खप्परों में बोए गए जवारे श्रद्धालुओं की विशेष श्रद्धा का केंद्र बने हुए हैं। दूर-दराज से लोग यहां पहुंचकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं और धार्मिक आयोजनों में भाग ले रहे हैं। मुख्य आयोजक अशोक पटैरिया नवरात्रि के नौ दिनों तक व्रत रख रहे हैं। बताया गया कि वे श्यामरी नदी के कुंड का जल ग्रहण कर व्रत का पालन कर रहे हैं। कुड़ी धाम के समीप नदी में स्थित दो कुंड स्थानीय लोगों के बीच विशेष महत्व रखते हैं। श्रद्धालु इनके जल का उपयोग पारंपरिक रूप से करते हैं। हालांकि, इस जल से बीमारियों के उपचार संबंधी दावों की स्वतंत्र चिकित्सकीय पुष्टि उपलब्ध नहीं है।

कुड़ी धाम में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीकांत मिश्रा, रामसिंह बुंदेला, हल्के राजा, नन्हें राजा, धुराम रिछारिया, श्रीराम यादव, बारे प्रजापति, रमेश सैनी, अजय शर्मा, देवेंद्र घोष और रामसेवक राजपूत सहित अन्य लोगों का विशेष सहयोग मिल रहा है। नवरात्रि के अवसर पर आयोजित यज्ञ, दुर्गा सप्तशती पाठ, कन्या भोज और भंडारे के चलते कुड़ी धाम क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना हुआ है। यह सिद्ध क्षेत्र स्थानीय लोगों के साथ आसपास के श्रद्धालुओं के लिए भी आस्था और आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।

फायरिंग कर हत्या के प्रयास का मुख्य आरोपी टीपू करिया गिरफ्तार

कबाड़ व्यापारी ने दी थी 25 लाख की सुपारी, गोलीबारी में महिला को लगे थे छर्रे



छतरपुर। शहर के थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नारायणपुरा रोड पर 3 अक्टूबर की रात्रि हुई फायरिंग और हत्या के प्रयास के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी टीपू करिया उर्फ अरशद खान को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने मध्य प्रदेश के अलावा कर्नाटक, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश जैसे चार राज्यों में ताबड़तोड़ दबिश दी थी और महाराष्ट्र से उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई के दौरान आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का देशी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस, एक खाली खोखा और मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

कॉन्ट्रैक्ट किलिंग और सुपारी का हुआ खुलासा

पुलिस की पूछताछ में आरोपी टीपू करिया ने नारायणपुरा रोड पर हुई फायरिंग की घटना के पीछे कॉन्ट्रैक्ट (सुपारी) की बात कबूल की है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, एक कबाड़ व्यापारी द्वारा लगभग 25 लाख रुपए में तालिब सौदागर की हत्या की सुपारी दी गई थी। गत 3 अक्टूबर को रात्रि करीब 8 बजे नारायणपुरा रोड पर हुई इस गोलीबारी में कट्टे के छर्रे तालिब की पत्नी खुशनुमा सौदागर को जा लगे थे। इस मामले में पुलिस ने पूर्व में एक अन्य आरोपी अन्नी उर्फ मेहताब खान को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त स्कूटी जब्त की थी।

पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी टीपू करिया एक कुख्यात और आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ हत्या के प्रयास, अवैध हथियार रखने, अवैध शराब, अवैध वसूली, अपहरण और मारपीट जैसे 22 से अधिक गंभीर अपराध दर्ज हैं। आरोपी थाना कोतवाली के हत्या के प्रयास और अवैध वसूली से जुड़े मामलों के अलावा थाना नौगांव में वर्ष 2019 में दर्ज अवैध हथियार व अपहरण के प्रकरण और जबलपुर जिले के एक अन्य मामले में भी फरार चल रहा था। इस तरह वह कुल चार मामलों में वांछित था। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई को अंजाम देने में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश सिंह, उपनिरीक्षक वीरेंद्र रैकवार, साइबर सेल के धर्मराज और उनकी पूरी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

ग्वालियर अस्पताल से फरार हुआ अंतराज्यीय आरोपी शनि शर्मा, तलाश में जुटी पुलिस

लापरवाह सभी पुलिस कर्मियों को किया सस्पेंड

छतरपुर।

थाना बमीठा क्षेत्र अंतर्गत निकाली जा रही एक धार्मिक यात्रा में 11 अक्टूबर को हुई लूट की घटना का आरोपी शनि शर्मा इलाज के दौरान ग्वालियर अस्पताल से फरार हो गया है। आरोपी के भागने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है और उसकी तलाश तेज कर दी गई है। आरोपी को पहले उपचार के लिए छतरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था इसके बाद बेहतर उपचार के लिए ग्वालियर रिफर किया गया था।प्राप्त जानकारी के अनुसार, 16 अक्टूबर को आरोपी शनि शर्मा को पुलिस लाइन में पदस्थ पुलिसकर्मी विजय यादव, शिवम शर्मा और बागेश्वर धाम चौकी के संजीव इलाज के लिए ग्वालियर लेकर गए थे। इसी दौरान मौका पाकर आरोपी अस्पताल से फरार हो गया। मामले की जानकारी देते हुए सीएसपी अरूण कुमार साहू ने बताया कि उक्त आरोपी को पुलिस लाइन के दो और बमीठा थाने का एक पुलिसकर्मी इलाज के लिए ग्वालियर लेकर गया था जो उपचार के दौरान फरार हो गया है। ग्वालियर में भी मामले की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है साथ ही लापरवाही बरतने वाले तीनों पुलिसकर्मी विजय, शिवम एवं संजीव को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। 11 अक्टूबर 2026 को थाना बमीठा क्षेत्र के ग्राम खैरी के पास फरियादी इंद्रजीत सिंह उर्फ बबली राजा निवासी ग्राम गठेवरा के साथ रथ यात्रा में शामिल होने जाते समय आरोपियों ने लूट की इस वारदात को अंजाम दिया था। घटना के समय आसपास मौजूद सतर्क लोगों ने आरोपी शनि शर्मा को मौके पर ही पकड़ लिया था और उसकी पिटाई भी की थी, जिसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया था। पुलिस ने इस मामले का विधिवत खुलासा करते हुए आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू और नगद राशि बरामद की थी। आरोपी शनि उर्फ रामा शर्मा पुत्र बीरमपाल शर्मा, निवासी गाजीवाला शामपुर, थाना सदर कोतवाली, जिला हरिद्वार (उत्तराखंड) एक शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ उत्तर प्रदेश के जिला शामली, नोएडा और उत्तराखंड के सोनप्रयाग में लूट, चोरी और अवैध हथियार रखने जैसे करीब 5 गंभीर अपराध दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस फरार आरोपी की धरपकड़ के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

नवरात्र में फूला देवी माता मंदिर में उमड़ती है भक्तों की भीड़, सफेद फूल अर्पित कर लगाते हैं अर्जी

छतरपुर।

नवरात्रि के पावन अवसर पर छतरपुर शहर से करीब दो किलोमीटर दूर बायपास क्षेत्र के सरानी गांव स्थित प्राचीन फूला देवी माता मंदिर में भक्तों की आस्था उमड़ती है। करीब 300 साल पुराने इस मंदिर को लेकर अनेक धार्मिक मान्यताएं प्रचलित हैं। मान्यता है कि माता को सफेद फूल अर्पित कर सच्चे मन से अर्जी लगाने पर भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। श्रद्धालु सुख-समृद्धि, पारिवारिक शांति, संतान सुख और संकटों से रक्षा की कामना लेकर यहां पहुंचते हैं।

मंदिर के इतिहास के संबंध में छतरपुर महाराज के वंशज दरगेन्द्र देव सिंह बताते हैं कि मंदिर का निर्माण महाराजा जगत सिंह ने करवाया था। बाद में महाराज विश्वनाथ प्रताप सिंह ने इसका विस्तार कर भव्य स्वरूप प्रदान किया। प्राचीन समय में यहां एक छोटी-सी मडिय़ा थी, जहां परमार वंश के लोग अपनी कुलदेवी महालक्ष्मी के रूप में माता की पूजा-अर्चना करते थे। आज भी रियासत के वंशज मंदिर में दर्शन-पूजन करने आते हैं और नवरात्रि के दौरान कन्या भोज सहित धार्मिक आयोजन करते हैं।



छतरपुर को राजधानी बनाने से जुड़ा है इतिहास

स्थानीय इतिहास के अनुसार, पन्ना महाराज छत्रसाल के पुत्र हिन्दूपत के बेटे सरनेत सिंह को राजनगर रियासत का अधिपति बनाया गया था। उनके सचिव एवं प्रबंधक सोन जू परमार थे। सरनेत सिंह की मृत्यु के बाद सोन जू परमार ने क्षेत्र पर अधिकार स्थापित कर छतरपुर को अपनी राजधानी बनाया। कहा जाता है कि छतरपुर रियासत की रक्षा के लिए चारों दिशाओं में देवियों की स्थापना करवाई गई थी। फूला देवी माता मंदिर भी इसी ऐतिहासिक और धार्मिक परंपरा से जुड़ा माना जाता है।

अंग्रेजों के समय की मान्यता भी है प्रचलित

इतिहास के जानकार दरगेन्द्र देव सिंह के अनुसार, महाराजा जगत सिंह के शासनकाल में जब अंग्रेजों ने छतरपुर रियासत पर अधिकार करने का प्रयास किया, तब महाराजा ने माता फूला देवी के दरबार में अर्जी लगाई थी। स्थानीय मान्यता है कि इसके बाद अंग्रेज रियासत को अपने अधिकार में नहीं ले पाए। इस घटना के बाद महाराजा जगत सिंह ने मंदिर का निर्माण करवाया। समय के साथ मंदिर का विस्तार हुआ और आज यह क्षेत्र के प्रमुख आस्था स्थलों में गिना जाता है।

सरकारी स्कूलों की जानकारी अपडेट करने में लापरवाही, डीपीसी को नोटिस

स्कूलों की जानकारी अधूरी, राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक ने सात दिन में मांगा जवाब

रीवा।

जिले के सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों और शिक्षकों की प्रोफाइल अपडेट करने के साथ ही स्कूलों की जानकारी ऑनलाइन दर्ज करने में लापरवाही सामने आई है। यूडाइस पोर्टल पर निर्धारित समयसीमा में काम पूरा नहीं होने पर राज्य शिक्षा केंद्र ने सख्त रुख अपनाया है। राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी), जिला शिक्षा केंद्र रीवा राजेश तिवारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर सात दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। पत्र में निर्धारित समयसीमा के बावजूद प्रगति कम रहने पर नाराजगी जताते हुए इसे वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशों की अवहेलना और पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बताया गया है। राज्य शिक्षा केंद्र के पत्र के अनुसार, विद्यार्थियों के नामांकन से लेकर विद्यार्थी प्रोफाइल, शिक्षक प्रोफाइल और स्कूलों की सुविधाओं से संबंधित जानकारी पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश पहले ही दिए जा चुके थे। इसके बावजूद जिले में कई महत्वपूर्ण कार्य अधूरे हैं। जारी कारण बताओ पत्र में 15 अगस्त और 5 अक्टूबर 2026 को जारी निर्देशों समयसीमा बीतने के बाद भी नामांकन का काम अधूरा किया गया है। इनके तहत यूडाइस पोर्टल के ड्रॉप बॉक्स में दर्ज विद्यार्थियों की जानकारी का निराकरण करते हुए शत-प्रतिशत नामांकन का काम 31 अगस्त 2026 तक पूरा



किया जाना था। निर्धारित समयसीमा के बावजूद जिले में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर राज्य शिक्षा केंद्र ने आपत्ति जताई है। पत्र में कहा गया है कि काम की प्रगति अत्यंत न्यूनतम और स्थिर रही। इसे वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशों की अवहेलना मानते हुए मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 के विपरीत बताया गया है। इसी आधार पर डीपीसी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

22 हजार से अधिक विद्यार्थियों के नामांकन का अंतर

राज्य शिक्षा केंद्र की ओर से पत्र में दिए गए आंकड़ों के मुताबिक, शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा पहली से 11वीं तक कुल 3 लाख 36 हजार 488 विद्यार्थियों का आंकड़ा दर्ज था। इसके मुकाबले शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा पहली से 12वीं तक 3 लाख 14 हजार 397 विद्यार्थियों का आंकड़ा दर्ज किया गया है। दोनों सत्रों के आंकड़ों में 22 हजार 91 विद्यार्थियों का अंतर सामने आया है।

3.47 लाख विद्यार्थियों में 1.88 लाख की प्रोफाइल लंबित

विद्यार्थी प्रोफाइल अपडेट करने की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। राज्य शिक्षा केंद्र के पत्र के अनुसार, जिले में कुल 3 लाख 47 हजार 57 विद्यार्थियों की प्रोफाइल तैयार की जानी है। इनमें से 1 लाख 58 हजार 486 विद्यार्थियों की प्रोफाइल पूरी हो चुकी है, जबकि 1 लाख 88 हजार 571 विद्यार्थियों की प्रोफाइल लंबित है। इस प्रकार विद्यार्थी प्रोफाइल का कार्य केवल 46 प्रतिशत ही पूरा हो पाया है। शेष विद्यार्थियों की जानकारी अपडेट नहीं होने से पोर्टल पर निर्धारित प्रक्रिया समय पर पूरी नहीं हो सकी है।

1250 स्कूलों की जानकारी अब तक अधूरी

स्कूल प्रोफाइल और सुविधाओं से संबंधित डीसीएफ (डेटा कैप्चर फॉर्म) की स्थिति भी चिंता बढ़ाने वाली है। जिले के कुल 3064 स्कूलों में से 1814 स्कूलों की जानकारी अपडेट करने का काम पूरा हुआ है। वहीं, 1250 इसके अलावा 24 हजार 380 विद्यार्थियों की जानकारी यूडाइस पोर्टल के ड्रॉप बॉक्स में दर्ज बताई गई है। इन प्रविष्टियों का निराकरण और विद्यार्थियों के नामांकन संबंधी जानकारी का सत्यापन समय पर पूरा नहीं होने को भी विभाग ने गंभीरता से लिया है।

स्कूलों का काम अभी लंबित है। इस मद में कार्य पूर्णता का प्रतिशत 59 दर्ज किया गया है।

इसका मतलब है कि जिले के करीब 41 प्रतिशत स्कूलों की प्रोफाइल और सुविधाओं से जुड़ी जानकारी का काम अभी पूरा नहीं हुआ है। स्कूलों की आधारभूत सुविधाओं और अन्य आवश्यक विवरणों को पोर्टल पर दर्ज करना जरूरी है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में स्कूलों का रिकॉर्ड अधूरा रहने पर संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हुए हैं।

सात दिन में जवाब नहीं दिया तो होगा एकपक्षीय कार्रवाई

राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक ने डीपीसी राजेश तिवारी को निर्देश दिए हैं कि कारण बताओ सूचना पत्र प्राप्त होने के सात दिन के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में जवाब नहीं देने की स्थिति में एकपक्षीय कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई है। इसके लिए संबंधित अधिकारी को स्वयं उत्तरदायी बताया गया है। पत्र की प्रतिलिपि स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव, लोक शिक्षण संचालनालय के आयुक्त, समग्र शिक्षा अभियान के अपर परियोजना संचालक, रीवा कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण रीवा संभाग और जिला शिक्षा अधिकारी रीवा को भी भेजी गई है।

एनसीसी मैदान में 55 फीट के रावण का होगा दहन

50-50 फीट के होंगे मेघनाथ-कुंभकर्ण के पुतले,बिलासपुर की आर्केस्ट्रा टीम बिखेरेगी रंग

रीवा।

दशहरा पर्व नजदीक आते ही शहर में विजयादशमी उत्सव की तैयारियां तेज हो गई हैं। एनसीसी मैदान में इस बार 55 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन होगा। वहीं मेघनाथ और कुंभकर्ण के 50-50 फीट ऊंचे पुतले भी तैयार किए जा रहे हैं। तीनों पुतलों के सिर बनकर तैयार हो चुके हैं और शेष निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। नगर विजयादशमी उत्सव समिति ने आयोजन को आकर्षक और भव्य बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। समिति की बैठकों में सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, ताकि कार्यक्रमों का संचालन व्यवस्थित ढंग से हो सके। रावण दहन के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी, जो उत्सव का प्रमुख आकर्षण रहेंगी। दशहरा उत्सव में



इस बार बिलासपुर से विशेष आर्केस्ट्रा टीम बुलाई गई है। इसके साथ ही आतिशबाजी के लिए बाहर से टीम आएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और आतिशबाजी के जरिए आयोजन को यादगार बनाने की तैयारी है। समिति के संस्थापक संरक्षक सियाराम गुप्ता ने बताया कि उत्सव की शुरुआती तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पुतलों के सिर तैयार हो चुके हैं और बाकी काम तेजी से पूरा कराया जा रहा है। समिति के सदस्य आयोजन की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। एनसीसी मैदान में होने वाला मुख्य कार्यक्रम इस बार भी दशहरा उत्सव का प्रमुख केंद्र रहेगा।

बीच बाजार दुकान में सेंधमारी, कंप्यूटर-प्रिंटर समेत सामान चोरी

जवा जनपद मैदान के सामने ऑनलाइन व फोटो कॉपी की दुकान को बनाया निशाना

रीवा। जिले के जवा कस्बे में चोरों ने बीच बाजार स्थित एक ऑनलाइन एवं फोटो कॉपी की दुकान को निशाना बनाते हुए कंप्यूटर सहित अन्य उपकरण पार कर दिए। चोर दुकान के पीछे की तरफ लगी चादर निकालकर अंदर घुसे और कंप्यूटर, सीपीयू, प्रिंटर, यूपीएस समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गए। दुकान जवा जनपद मैदान के सामने संचालित होती है। बाजार क्षेत्र में दुकान के पीछे की तरफ से हुई इस चोरी की घटना का पता शुक्रवार सुबह दुकान खोलने पर चला। पीड़ित की शिकायत पर जवा थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शाम को दुकान बंद कर घर गईं, सुबह पहुंचीं तो खुला मिला चोरी का राज पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, फरियादी कल्पू वर्मा, पिता नाथू लाल वर्मा, उम्र 29 वर्ष, निवासी बरहुला सीगों टोला, थाना अतरैला, जवा जनपद मैदान के सामने ऑनलाइन एवं फोटो कॉपी की दुकान संचालित करती हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 16 अक्टूबर 2026 को शाम करीब 6 बजे वह रोज की तरह दुकान बंद करके घर चली गई थीं। इसके बाद दुकान बंद रही। 17 अक्टूबर की सुबह करीब 10:30 बजे जब वह दुकान खोलने पहुंचीं, तो पीछे की तरफ लगी चादर निकली हुई दिखाई दी। यह देखकर उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। दुकान के अंदर जाकर सामान की जांच की तो कंप्यूटर, सीपीयू, कंपनी का प्रिंटर, यूपीएस सहित अन्य सामान गायब मिला। दुकान में सामान बिखरा होने और उपकरण गायब मिलने के बाद चोरी की जानकारी सामने आई। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, अज्ञात चोरों ने दुकान के पीछे की तरफ लगी चादर निकालकर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद दुकान में रखे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को समेटकर फरार हो गए। चोरी गए सामान को पुराना और इस्तेमाल किया हुआ बताया गया है। हालांकि, चोरी हुए सामान की कुल कीमत कितनी है, इसकी विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है।

रीवा में तीन घाटों पर होगा दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन, नगर निगम ने पूरी की तैयारियां

प्रतिबंधित स्थानों पर विसर्जन करने वालों पर होगी कार्रवाई

रीवा। शारदीय नवरात्रि के नौ दिन पूरे होने के बाद शहर में दशहरा उत्सव मनाया जाएगा। मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर नगर पालिक निगम रीवा ने व्यवस्थाएं पूरी कर ली हैं। शहर में प्रतिमा विसर्जन के लिए तीन निर्धारित घाटों पर कृत्रिम विसर्जन कुंड बनाए गए हैं। यहां श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन निर्धारित स्थलों पर ही किया जाए। प्रतिबंधित स्थानों पर विसर्जन करने वालों को रोकने के साथ चालानी कार्रवाई भी की जाएगी। नगर निगम द्वारा छतुरिहा घाट और करहिया घाट क्रमांक-1 एवं 2 पर प्रतिमा विसर्जन की व्यवस्था की गई है। इन तीनों स्थानों पर कृत्रिम विसर्जन कुंड तैयार कराए गए हैं, ताकि प्रतिमाओं का विसर्जन निर्धारित व्यवस्था के अनुसार कराया जा सके। दशहरा के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए निगम प्रशासन ने घाटों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए हाइड्रा की व्यवस्था

नगर निगम ने बड़ी दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए करहिया घाट क्रमांक-2 पर विशेष व्यवस्था की है। यहां हाइड्रा मशीन की मदद से बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन कराया जाएगा। इससे भारी प्रतिमाओं को विसर्जित करने में सुविधा होगी और व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में मदद मिलेगी। इसके अलावा घाटों पर पूजन सामग्री एवं अन्य निर्माल्य एकत्र करने के लिए निर्माल्य कलश भी रखे गए हैं, ताकि विसर्जन के बाद पूजन सामग्री इधर-उधर न फैले और घाटों पर स्वच्छता बनी रहे।

जोनल अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

प्रतिमा विसर्जन की व्यवस्थाओं को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए निगमायुक्त अक्षत जैन के निर्देश पर दल गठित किए गए हैं। छतुरिहा घाट और करहिया घाट क्रमांक-1 एवं 2 के लिए संबंधित जोनल अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। ये अधिकारी अपने-अपने निर्धारित स्थलों पर व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे और विसर्जन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने की जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके साथ ही समय-सारिणी के अनुसार सहायक यंत्री, उपयंत्री, समयपाल और अतिक्रमण प्रभारी अपने-अपने दलों के साथ तैनात रहेंगे। घाटों पर साफ-सफाई बनाए रखने के लिए सफाई मित्रों की ड्यूटी भी लगाई गई है। निगम प्रशासन का प्रयास है कि प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो और सभी व्यवस्थाएं निर्धारित योजना के अनुसार संचालित हों।

नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

सेमरिया पुलिस ने की कार्रवाही

रीवा। जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की के लापता होने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर नाबालिग की तलाश शुरू की थी। थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल के नेतृत्व में पुलिस ने नाबालिग को दस्त्याब करने के बाद महिला पुलिस अधिकारी और न्यायालय के समक्ष उसके बयान दर्ज कराए। पुलिस के मुताबिक, नाबालिग ने अपने बयान



में शुभम दाहिया उर्फ निखिल दाहिया पर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने और किसी को जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इसके आधार पर पुलिस ने प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की दो अतिरिक्त धाराएं जोड़ीं। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में केंद्रीय जेल रीवा भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, नाबालिग लड़की के लापता होने पर उसके परिजनों ने सेमरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 137(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। इसके बाद पुलिस टीम ने नाबालिग की तलाश की और उसे दस्तयाब कर लिया। नाबालिग के मिलने के बाद महिला पुलिस अधिकारी और न्यायालय के समक्ष उसके कथन दर्ज कराए गए। पुलिस का कहना है कि नाबालिग ने अपने बयान में बताया कि शुभम दाहिया उर्फ निखिल दाहिया उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। उसने किसी को इस बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप भी लगाया। नाबालिग के बयानों के आधार पर पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 87 और 351(3) का इजाफा किया। इसके बाद आरोपी को दस्त्याब कर पूछताछ की गई। पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार किया। पुलिस ने गिरफ्तारी का कारण बताते हुए उसे गिरफ्तार किया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में केंद्रीय जेल रीवा भेज दिया गया।

रीवा-सतना-देवेंद्रनगर-चुरहट मार्ग पर सफल परीक्षण टाइम-टेबल और स्टेशनों पर ठहराव की सूची जल्द होगी

रीवा।

विंध्य क्षेत्र के रेल यात्रियों के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित रेल सुविधा शुरू होने की उम्मीद बढ़ गई है। रीवा-चुरहट और सतना-देवेंद्रनगर रेलखंड पर आठ कोच वाली मेमू ट्रेन का ट्रायल रन सफल रहा है। करीब 166 किलोमीटर लंबे रेलमार्ग पर हुए इस परीक्षण के बाद पश्चिम मध्य रेलवे अब 21 अक्टूबर से ट्रेन का नियमित संचालन शुरू करने की तैयारी में जुटा है। हालांकि, नियमित परिचालन की अंतिम तारीख, समय-सारिणी और स्टेशनों पर ठहराव को लेकर रेलवे प्रशासन की आधिकारिक घोषणा का इंतजार है। इस रेल सेवा के शुरू होने से रीवा, सतना, सीधी और पन्ना क्षेत्र के यात्रियों को आवागमन का एक नया विकल्प मिल सकता है। खासकर रोजाना नौकरी, कारोबार और पढ़ाई के सिलसिले में एक शहर से दूसरे शहर जाने वाले लोगों को इसका सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। अब तक कई यात्रियों को इन क्षेत्रों के बीच सफर के लिए बसों और निजी वाहनों पर निर्भर रहना पड़ता है। रेल सेवा शुरू होने से यात्रा अधिक सुविधाजनक और किफायती होने की संभावना है।



रीवा से रवाना हुई ट्रेन, रेलवे अधिकारियों ने परखी तकनीकी क्षमता

जानकारी के अनुसार, बीना से रीवा पहुंची आठ कोच वाली मेमू ट्रेन का शनिवार को देवेंद्रनगर-सतना-रीवा-चुरहट रेलमार्ग पर परीक्षण किया गया। ट्रेन सुबह करीब 8 बजे रीवा स्टेशन से रवाना हुई। परीक्षण के दौरान रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। आम यात्रियों को इस विशेष ट्रायल में शामिल नहीं किया गया था, क्योंकि इसका उद्देश्य रेलखंड की तकनीकी स्थिति, परिचालन क्षमता और ट्रेन के सुरक्षित संचालन से जुड़े पहलुओं का आकलन करना था।

ट्रायल के दौरान रेलमार्ग पर ट्रेन के परिचालन से संबंधित जरूरी बिंदुओं की जांच की गई। परीक्षण सफल रहने के बाद इस मार्ग पर नियमित रेल सेवा शुरू करने की तैयारियों को गति मिलने की उम्मीद है।

बसों पर निर्भरता होगी कम, नौकरीपेशा और विद्यार्थियों को मिलेगी राहत

रीवा और सतना लंबे समय से विंध्य क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, कारोबार और रोजगार के प्रमुख केंद्र रहे हैं। सीधी और पन्ना सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग इन शहरों में विभिन्न कामों के लिए आते-जाते हैं। ऐसे में मेमू ट्रेन का नियमित संचालन शुरू होने पर रोजाना सफर करने वाले यात्रियों को राहत मिलने की उम्मीद है। नौकरीपेशा लोगों के लिए उपयोगी होगी सेवा सरकारी और निजी संस्थानों में काम करने वाले कर्मचारी नियमित रूप से एक शहर से दूसरे शहर की यात्रा करते हैं। ट्रेन की समय-सारिणी उनकी जरूरतों के अनुकूल रही तो उन्हें सड़क मार्ग के मुकाबले सुविधाजनक विकल्प मिल सकता है।

मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम निर्धारित

रीवा। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए इसका संक्षिप्त पुनरीक्षण किया जा रहा है। इसके लिए आयोग द्वारा कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए 12 नवम्बर को सभी मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। इसके संबंध में दावे एवं आपत्तियाँ 11 दिसम्बर तक प्राप्त की जाएंगी। प्राप्त दावे-आपत्तियों का 28 दिसम्बर तक निराकरण किया जाएगा। मूल मतदाता सूची में पूरक मतदाता सूची शामिल करके इसका अंतिम रूप से प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा है कि सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार कर्मचारियों को तैनात करके प्रशिक्षण दें तथा तय कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण पूरा कराएं। कलेक्टर ने सभी छूटे हुए पात्र लोगों से इस अवधि में आवेदन करके मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने की अपील की है।

मऊगंज में बेखौफ चल रहा अवैध मेडिकल कारोबार जांच-कार्यवाही सिर्फ कागजों तक सीमित

मऊगंज जिले में अवैध रूप से मेडिकल स्टोर संचालित होने का मामला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। स्थानीय नागरिकों से प्राप्त जानकारी एवं शिकायतों के अनुसार जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ऐसी दवा दुकानें संचालित हो रही हैं, जहां मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि अधिकतर दुकानों पर अमानक एवं बिना चिकित्सक की पर्ची के दवाओं की बिक्री के आरोप सामने आ रहे हैं। आरोप यह भी है कि कई दुकानों का संचालन ऐसे व्यक्तियों द्वारा किया जा रहा है, जिनके पास मेडिकल स्टोर संचालन की निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं फार्मासिस्ट का वैध पंजीयन नहीं है। कई स्थानों पर पिता के नाम पर लाइसेंस है और पुत्र दुकान चला रहा है, तो कई जगह बेटी के नाम पर पिता द्वारा संचालन की बात सामने आती है। इतना ही नहीं, उधारी के लाइसेंस पर दुकान संचालित होने की शिकायतें भी लगातार मिल रही हैं।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार कई बार ऐसी स्थिति भी निर्मित होती है कि जब औषधि निरीक्षण दल के आने की सूचना मिलती है, तो संचालक दुकान बंद कर चले जाते हैं और टीम के लौटते ही पुनः दुकान खोल ली जाती है। इस कारण वास्तविक स्थिति का



पता नहीं चल पाता और कार्रवाई महज दिखावा बनकर रह जाती है। ऐसे अवैध संचालकों को चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई न होने से नियम विरुद्ध दुकानों के संचालन का दौर अनवरत जारी है, जिससे विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगना लाजमी है।

उधर, जब कोई बड़ी घटना घटती है, जब दवाओं के सेवन से गंभीर परिणाम या मौतें सामने आती हैं, तब जाकर नीचे से ऊपर तक पूरा सिस्टम सक्रिय होता है। एडवाइजरी जारी होने लगती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि जिम्मेदारी के साथ दवा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में निगरानी तंत्र सक्रिय रूप से काम करे, दवाओं की गुणवत्ता को नियमित रूप से परखा जाए और मेडिकल स्टोर संचालन पर नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए तो ऐसी घटनाओं से बचा जा सकता है।

प्रतिबंधित दवाओं की सूची का नहीं प्रदर्शन

प्राप्त जानकारी के अनुसार मेडिकल दुकानों में उन दवाओं की सूची या सूचना प्रदर्शित नहीं की जाती, जिन्हें शासन द्वारा प्रतिबंधित किया जा चुका है। पूर्व में कई दवाएं अधिक उपयोग के बाद घातक परिणाम सामने आने पर प्रतिबंधित की गईं, जिनसे कंपनियों को भारी मुनाफा हुआ। लेकिन उनके दुष्परिणामों की भरपाई कैसे होगी, यह बड़ा सवाल है। सवाल यह भी है कि क्या प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पूरी तरह बंद है और क्या उनकी सूची दुकानों में चस्पा नहीं होनी चाहिए ताकि आम लोगों को पता चल सके। सरकारी विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिए जाते हैं, मीडिया में दो-चार दिन खबरें चलती हैं और फिर कोई यह नहीं देखता कि प्रतिबंधित दवा बाजार में बिक रही है या नहीं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या अवैध रूप से संचालित दुकानों की औचक जांच कर नियमानुसार कार्रवाई होगी या सब कुछ पुराने ढर्रे पर ही चलता रहेगा।

आमजनों के आवेदन पत्रों का शिविर में हुआ समुचित निराकरण - अपर कलेक्टर

मऊगंज। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप शासन को आमजन के और अधिक निकट पहुंचाने तथा नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर सीएफटी देवतालाब मे आयोजित किया गया। शिविर में आमजन से विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए तथा पात्र प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण की कार्यवाही की गई। अपर कलेक्टर पी.के. पांडेय ने शिविर में आमजन से प्राप्त आवेदनों का मौके पर निराकरण किया तथा शेष प्रकरणों के त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

विद्यालय का निरीक्षण कर विद्यार्थियों से किया संवाद

अपर कलेक्टर ने संदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक देवतालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद कर शैक्षणिक गतिविधियों, पढ़ाई की स्थिति तथा विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बच्चों से विद्यालय में मिलने वाले मध्यान्ह भोजन एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में भी चर्चा की। इस दौरान अपर कलेक्टर ने विद्यार्थियों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन ग्रहण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करने तथा विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जन विश्वास शिविर में आयोजित उद्यमी संवाद कार्यक्रम में शासकीय योजनाओं की सहायता से स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बने



युवाओं ने अपनी सफलता की कहानियां साझा कीं। उद्यमियों ने बताया कि शासन की योजनाओं के माध्यम से प्राप्त आर्थिक एवं अन्य सहायता से उन्हें अपना व्यवसाय स्थापित करने में महत्वपूर्ण सहयोग मिला है। अपर कलेक्टर ने उद्यमियों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं पर चर्चा करते हुए कहा कि उद्योगों के विस्तार के लिए आवश्यक अनुमतियों तथा विभागीय प्रक्रियाओं में संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी एवं सूचना स्टॉल लगाए गए। इनके माध्यम से आमजन को शासकीय योजनाओं, पात्रता की शर्तों, आवेदन प्रक्रिया तथा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्रदान की गई। विभागीय स्टॉलों पर योजनाओं से संबंधित आवेदनों का पंजीयन भी किया गया। शिविर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शशिकांत सरयाम, डिप्टी कलेक्टर अजीत मिश्र,सहित जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, हितग्राही एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।